भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

18.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4093 का उत्तर

रेलवे समय-सारिणी में बदलाव

4093. डॉ. चन्द्र सेन जादौनः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सभी राज्यों में रेलगाड़ियों के ठहराव हेतु समय-समय पर रेलवे समय-सारिणी में बदलाव किए जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले के सभी रेलवे स्टेशनों पर कुछ नई रेलगाड़ियों का ठहराव प्रदान करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) ठहराव प्रदान किए जाने वाली संभावित रेलगाड़ियों का स्टेशन-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): वर्तमान में, फैजाबाद जिले में स्थित स्टेशनों पर गाड़ियों का अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, भारतीय रेल पर रेलगाड़ियों के ठहराव का प्रावधान एक सतत प्रक्रिया है, जो परिचालनिक व्यवहार्यता, वाणिज्यिक औचित्य आदि के अध्यधीन है। मार्ग में अतिरिक्त ठहराव देने से कई बार समय सारणी में मामूली बदलाव हो सकता है। इसके अतिरिक्त, भारतीय रेल, रेल यात्रियों को सूचना पहुँचाने के लिए, प्रत्येक वर्ष प्रकाशित होने वाली सार्वजनिक समय-सारणियों में गाड़ियों की समय-सारणी से संबंधित परिवर्तनों को दर्शाती है।

****

Sk